अज अदालत स. मुकाम

कमलेश केंवर पुत्री शंकर सिंह राजपूत बनाम भूमि धारी तहसील

करम मुकदमा प्रा-पत्र 1362-RA नं. 8/25 सन्

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तारीख में जारी हुए
1.25	पत्रावली पेश हुई उभय पक्ष उपस्थित प्रकरण मे उभय पक्ष की बहस पूर्व मे सुनी गई वकील प्रार्थी ने अपनी बहस प्रा-पत्र अनुसार करते हुए इस प्रकार से निवेदन किया है कि ग्राम जयसिंह पुरा प-ह रायती के खाता स. 7 आराजी स. 183 मी. 227/183, किता-2 रकबा 1.2220 है. भूमि व खाता स. 09 आ.स. 12,13,14 किता 3 रकबा 0.9290 है. भूमि एवं खाता स. 12 आ.सं. 130,36, 99, रकबा 0.7680 है. एवं खाता स. 13, 14, 15, 92, 103 मे प्रार्थीया का नाम राजस्व रेकार्ड की जमाबन्दी मे कमला कंवर पुत्री शंकर सिंह राजपूत के रूप में अंकित है। जो विरासत के नामान्तरण खोलते समय पटवारी एवं राजस्व कर्मचारियो की गलती से बिना तथ्यो की जानकारी किये "कमलेश कंवर पुत्री शंकर सिंह राजपूत के बजाय गलती से कमला कंवर पुत्री शंकर सिंह राजपूत अंकित कर दिया जो एक लिपिकिय त्रुटि है। जिसे प्रा-पत्र स्वीकार फरमाया जाकर नाम सुधारा जावे। इस पर पैरोकार तहसीलदार बेगू ने अपनी बहस मे इस प्रकार से निवेदन किया है कि प्रकरण मे प्रस्तुत जवाब प्रा-पत्र ही हमारी बहस है। प्रकरण मे उभय पक्ष की बहस सुनी जाने के पश्चात प्रकरण व प्रकरण मे सलग्न दस्तावेजो एवं जवाब प्रा-पत्र का अवलोकन किया गया। प्रकरण मे प्रस्तुत जमाबन्दीयों का अवलोकन किया गया सभी जमाबन्दीयो मे प्रार्थीया का नाम कमला कंवर पुत्री शंकर सिंह अंकित है। एवं प्रकरण मे प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत नकल आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशनकार्ड, मे कमलेश कंवर पति कुलदिप सिंह नि. धाजनों का खेडा कोरिया भीलवाडा दर्ज अंकित है। एवं प्रकरण मे प्रस्तुत जवाब प्रा-पत्र के अनुसार प्रार्थीया का बोलता नाम कमला कंवर होने से व नामान्तरण	

खोलने के आवेदन मे नाम कमला कंवर अंकित किये जाने से उसी अनुसार नामान्तरण मे नाम अंकित किया गया एंव जॉच के मौका पर्चा बनाया गया जिसमे प्राथीया का बोलता नाम कमला कंवर व रेकार्ड मे कमलेश कंवर होना जाहिर आया है। प्रकरण मे अवलोकन करने पर राजस्व रिकार्ड मे प्राथीया नाम कमला कंवर गलत अंकित किया जाना प्रातित होता है। जिसे सुधारा जाना न्याय संगत होगा।

अतः प्राथीया का प्रा॰ पत्र अ॰ धा॰ 136 RA का स्वीकार किया जाता है। ग्राम जय सिंह पुरा प॰ ह॰ रायती की राजस्व जमाबन्दी संवत 2078 के खाता स 7, 9, 12, 13, 14, 15, 92, 103 के राजस्व रिकार्ड मे प्राथीया का नाम कमला कंवर के स्थान पर कमलेश कवर उर्फ कमला कंवर पिता शंकर सिंह राजपूत किया जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश कि प्राति तहसीलदार बेगू को पालनार्थ दि जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।